# University in News on 01 September 2024

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

# विजय पांडुरंग बढ़ाएंगे दीक्षांत समारोह का गौरव

## लविवि में 16 को 67वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि होंगे शामिल

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के 67वें दीक्षांत समारोह में नालंदा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति विजय पांडुरंग भटकर मुख्य अतिथि होंगे। शुक्रवार को हुई कार्यपरिषद की बैठक में उनके नाम पर मुहर लगी।

विजय पांडुरंग भटकर। -संवाद

साथ ही उनका नाम मंजूरी के लिए राज्यपाल को भेज दिया गया। विजय पांडुरंग को भारत को पहला सुपर कंप्यूटर बनाने का गौरव हासिल है। 77 वर्षीय पांडुरंग पद्मभूषण, पद्मश्री और महाराष्ट्र भूषण सम्मान से अलंकृत हो चुके हैं। लविवि में 16 सितंबर को दीक्षांत समारोह होना प्रस्तावित है। इसके लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यपरिषद की बैठक में समारोह में दी जाने वाली मानद उपाधि के लिए तीन विद्वानों के नाम पर चर्चा हुई। इसमें पहला नाम केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (सीमैप) के निदेशक प्रबोध कुमार त्रिवेदी, अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (एसएसी) के निदेशक नीलेश एम देसाई और वैज्ञानिक प्रोफेसर ईवी पंत का नाम शामिल है।

इनके नाम के अनुमोदन के लिए राज्यपाल से मंजूरी मांगी गई है। दीक्षांत समारोह में लविवि से संबद्ध सभी जिलों हरदोई, रायबरेली, सीतापुर व लखीमपुर खीरी के सहयुक्त कॉलेजों के विद्यार्थियों को पहली बार स्नातक की उपाधि दी जाएगी। उपाधि पाने वालों में एक लाख से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल होंगे।

### देश का पहला सुपर कंप्यूटर बनाने वाले पांडुरंग हैं नालंदा विवि के कुलाधिपति

### ललितकला संकाय में पहली बार पदक

दीक्षांत समारोह में पहली बार ललितकला संकाय (आर्ट्स कॉलेज) में पदक वितरण किया जाएगा। ललितकला कला संकाय में दिया जाने वाला यह पदक कॉलेज की पूर्व छात्रा रागिनी उपाध्याय के नाम पर दिया जाएगा। वह नेपाल ललितकला अकादमी की पूर्व कुलाधिपति रह चुकी हैं। उन्होंने ही संकाय स्तर पर पदक प्रायोजित किया है। इसके लिए उन्होंने लविवि में पांच लाख रुपये भी जमा कर दिए हैं। इसके ब्याज से अब हर वर्ष संकाय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी को पदक दिया जाएगा। संकाय स्तर पदक देने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद से भी मंजूरी मिल चुकी है।

**JAGRAN CITY PAGE III**

## लखनऊ विश्वविद्यालय में चार से दीक्षारंभ

जासं • लखनऊ : लवि के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए चार सितंबर से दीक्षारंभ : स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम होगा। डीन एकेडमिक्स प्रो. गीतांजलि मिश्रा ने बताया कि चार सितंबर को दोपहर दो से 3.45 तक कामर्स व मैनेजमेंट फैकल्टी के विद्यार्थियों का कार्यक्रम मालवीय सभागार और एपी सेन हाल में होगा।

## राज्यपाल करेंगी लोकार्पण

लखनऊ : राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल दो सितंबर को लवि के द्वितीय परिसर में नव निर्मित द्वार और फार्मेसी भवन का लोकार्पण करेंगी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने निर्देश जारी किए हैं। एनसीसी कैडेट्स व्यवस्था में भागीदार होंगे। गेट के अंदर और बाहर रंगोली बनाई जाएगी। राज्यपाल को क्लास रूम और हर्बल गार्डेन के बारे में जानकारी देने की व्यवस्था की जाएगी। (जासं)

## चार से सात सितंबर तक होगा दीक्षारंभ

लखनऊ। लविवि में नवीन सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के दीक्षारंभ कार्यक्रम की तिथि जारी कर दी गई है। कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने इस संबंध में डीन एकेडमिक प्रो. गीतांजलि मिश्रा को पत्र भेज दिया है। पत्र के मुताबिक चार सितंबर को कामर्स और मैनेजमेंट स्टडीज, छह सितंबर को एजुकेशन, फाइन आर्ट्स व आर्ट्स, जबकि सात सितंबर को फैकल्टी ऑफ साइंस का दीक्षारंभ कार्यक्रम होगा। (संवाद)